92 वें वर्ष की उम्र में भी महाविद्यालय के लिए कुछ करने का जज्बा

जबलपुर। नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत पशुचिकित्सा महाविद्यालय, जबलपुर अपनी 75 वीं सालगिरह (Platinum Jubilee) मनाने की ओर अग्रसर हो रहा है। 8 जुलाई 2022 से 8 जुलाई 2023 के संपूर्ण वर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होने वाले है, इसी क्रम में एनाटॉमी विभाग के प्रोफेसर पद से सेवानिवृत्त डॉ. आनंद मोहन श्रीवास्तव का स्वागत नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलपति महोदय जी द्वारा किया गया, एवं 8 जुलाई 2022 को पधारने हेतु आमंत्रण भी दिया गया। ज्ञात हो कि प्रोफेसर डॉ. आनंद मोहन श्रीवास्तव को पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर से बड़ा ही गहरा नाता है, वे इस महाविद्यालय के प्रथम बैच के छात्र रहें, साथ ही जबलपुर वेटरनरी महाविद्यालय एलुमनी एसोसिएसन के संस्थापक अध्यक्ष भी थे, विगत वर्ष एनाटॉमी विभाग के उत्थान हेतु एक लाख की राशि महाविद्यालय प्रबंधन को सौंपी थी। कुलपति जी से भेंट के दौरान महाविद्यालय के विकास संबधित बिन्दुओं पर चर्चा की एवं प्रगति पथ पर चलते रहने का आर्शीवाद दिया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर